छोटे छोटे बालक बना दिए री तीनों देव सती ने

छोटे छोटे बालक बना दिए री तीनों देव सती ने...

ठुमक ठुमक अंगना में खेलें मधुर तोतली बोली बोलें,
मैया ने पालना झुला दिए री तीनों देव सती ने,
छोटे छोटे बालक बना दिए री तीनों देव सती ने....

मैया के नचत हैं अंगना पांव पनसुरी हाथ में कंगना,
धीरे धीरे चलना सीखा दिए री तीनों देव सती ने,
छोटे छोटे बालक बना दिए री तीनों देव सती ने....

आय गईं तीनों की रानी अनुसुइया से बोली वाणी,
पति हमारे छुपाए लिए री तीनों देव सती ने,
छोटे छोटे बालक बना दिए री तीनों देव सती ने....

हम हैं बहू तुम्हारी मैया मैया दे दो हमारे सैयां,
अंगना में ला के बैठाए दिए री तीनों देव सती ने,
छोटे छोटे बालक बना दिए री तीनों देव सती ने.....

पति अपने पहचान न पाई तीनों देविया देख घबराई ,
मैया ने देव बनाए दिए री तीनों देव सती ने,
छोटे छोटे बालक बना दिए री तीनों देव सती ने.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31026/title/chote-chote-balak-bana-diye-ri-tino-dev-sati-ne

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |